# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–24 जनवरी 2026 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में वर्चुअल माध्यम से 18वें राष्ट्रीय रोजगार मेले को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार भारत और विदेश में युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करने के प्रयास कर रही है। रोजगार मेला एक संस्थागत व्यवस्था बन चुका है जिसके जरिए युवाओं को रोजगार मिल रहा है।

**युवाओं को कौशल से जोड़ना और उन्हें रोजगार, स्वरोजगार के अवसर देना, ये हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है। सरकारी भर्तियों को भी कैसे मिशन मोड पर किया जाए, इसके लिए रोजगार मेले की शुरुआत की गई थी। इसके जरिए लाखों युवाओं को सरकार के अलग–अलग विभागों में नियुक्ति पत्र मिल चुके हैं।**

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में भर्ती हुए 61 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। श्री मोदी ने भारत की सशक्त अर्थव्यवस्था पर बल देते हुए कहा कि यह दुनिया की एकमात्र अर्थव्यवस्था है, जिसने एक दशक में अपनी जीडीपी को दोगुना कर दिया है। श्री मोदी ने आज के दिन को भी विशेष बताया।

***25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस है फिर उसके बाद 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस है। आज का दिन भी विशेष है। आज के ही दिन हमारे संविधान ने जन गण मन को राष्ट्रगान और वंदे मातरम् को राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया था।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज सौंपे गए नियुक्ति पत्र युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए आमंत्रण पत्र और विकसित भारत की ओर ले जाने के लिए संकल्प पत्र है।

मेले का आयोजन देश भर के पैंतालीस जिलों में किया गया। इसी क्रम में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह और प्रयागराज में केन्द्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल शामिल हुयीं।

**********

उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर आज से तीन दिवसीय कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर राज्य की जनता को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल हुए। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि उत्तर प्रदेश न केवल देश की आत्मा है बल्कि विकसित भारत का विकास इंजन भी बनने जा रहा है।

गृह मंत्री ने कहा कि पहले राज्य को बीमारू और श्रम स्रोत राज्य माना जाता था लेकिन अब यह देश की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। उन्होंने एक जिला एक उत्पाद की सफलता का भी जिक्र किया।

***मैं 2017 को याद करना चाहता हूँ। हम लोग दिल्ली में यूपी का घोषणा पत्र बना। वन डीस्टिक वन प्रोडक्ट की कल्पना दिल्ली के भारतीय जनता पार्टी की घोषणा पत्र में डाली। तब हमारे साथी कहते थे कि साहब ये उत्तर प्रदेश में हो पाएगा, मगर हमारी डबल इंजन सरकार का चमत्कार देखिए वन डीस्टिक वन प्रोडक्ट केवल उत्तर प्रदेश में नही यहां से सिखते हुए पूरे भारत के अंदर आज फैल चुका है।***

इस अवसर पर श्री शाह ने वन डिस्ट्रिक्ट वन कुजीन यानी एक जिला एक व्यंजन योजना और सरदार पटेल औद्योगिक क्षेत्र कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने अंतरिक्ष यात्री विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला, प्रसिद्ध फिजिक्स वाला शिक्षा मंच के अलख पाण्डेय, प्रसिद्ध कवि डाक्टर हरिओम पवार सहित पांच व्यक्तियों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान दो हजार पच्चीस–छब्बीस प्रदान किया। साथ ही मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जौनपुर के जिलाधिकारी दिनेश चन्द्र, आजमगढ़ के रविंद्र कुमार, हरदोई के अनुनय झा, आम्बेडकरनगर के अनुपम शुक्ला और झांसी के जिलाधिकारी मृदुल चौधरी को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नई योजना एक जिला एक व्यंजन उत्तर प्रदेश की पहचान बनेगी।

***आज हम सब आदरणीय गृह और सहकारिता मंत्री जी के कर कमलों से हम लोगों ने अभी वन डीस्टिक वन कुजीन यानी एक जनपद, एक व्यंजन यह योजना आज लागू की है। 75 जनपदों में 75 प्रकार के भोजन सामग्री खाने की सामग्री अब ये उत्तर प्रदेश की भी एक नई ताकत बनेगी।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 130वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर प्रसारित होगा।

**********

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कल प्रदेश भर में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। सभी जिलों में मतदाता जागरूकता रैली, संगोष्ठी, शपथ ग्रहण कार्यक्रम और विशेष अभियान चला कर मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक किया जायेगा। इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम– माई इण्डिया माय वोट निर्धारित की गयी है।

**********